# शादियों का जायका बिगाड़ रहा एलपीज सिलेंडर का संकट, कैटरिंग कारोबारियों की बढ़ी मुसीबतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शादियों के सीजन में व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत ने कैटरिंग उद्योग को काफी प्रभावित किया है। आपूर्ति में कमी और आसमान छूती कीमतों के कारण कई कैटरर्स को अपना काम जारी रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। गैस की किल्लत का सामना अब वैवाहिक कार्यक्रमों में ग्रहण लगा रहा है, कैटरिंग के कारोबारी भी अब व्यवसायिक गैस की जगह घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करने लग गए हैं, घरेलू गैस आम उपभोक्ताओं को भले ही न मिल पर रही हो लेकिन कैटरिंग कारोबारियों को बड़े ही आराम से घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**ब्लैक में सिलेंडर उपलब्ध**

पिछले काफी समय से एक एक सिलेंडर लेने के लिए लोग सुबह से शाम तक परेशान हो रहे हैं, तीन से चार दिनों तक गैस एजेंसियों के चक्कर काटने बाद उन्हें बमुश्किल एक सिलेंडर मिल पर रहा है, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले दलालों के यहां दो दो हजार में जितने चाहों उतने सिलेंडर उपलब्ध हैं। माधव नगर में कुछ ऐसे ठिकाने हैं जहां दिन हो या रात जब चाहो दो हजार रूपए देकर एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि जब आम उपभोक्ता को नंबर लगने के बाद भी दो से तीन दिन गैस एजेंसियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है ऐसे में इन दलालों को बड़ी संख्या में आखिर सिलेंडर कहां से उपलब्ध हो रहे हैं। ऐसे में यह बात साफ हो जाती है कि गैस एजेंसियों द्वारा इन्हें बड़ी संख्या में सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिन्हें ये गैस की कालाबाजारी करने वाले मन माफिक राशि लेकर लोगों की मजबूरी



का फायदा उठा रहे हैं। माधव नगर निवासी ईशू ने बताया कि उन्होंने गैस एजेंसी में नंबर लगाया बावजूद इसके उन्हें गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका ऐसे में माधव नगर में गैस की कालाबाजारी करने वालों से उन्होंने दो हजार रूपए में सिलेंडर प्राप्त किया। मानसरोबर निवासी एसपी त्रिपाठी ने बताया कि वे तीन दिनों तक कटनी गैस एजेंसी में चक्कर काटते रहे उन्हें रोज यह कह कर वापिस कर दिया जाता था कि आपका सिलेंडर होम डिलेवरी कर दिया जावेगा, तीन दिनों से लगातार परेशान होने के बाद उन्हें काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ा।

सिलेंडर के अवैध कालाबाजारी करने वाले दलाल मोटी रकम लेकर दिन दूना रात चौगुना कमा रहे हैं, वहीं शादियों मे कैटर्स कारोबारीयों का कहना है कि दिक्कत यह कि शादियों या उससे संबंधित उत्सवों में कैटरिंग की बुकिंग काफी पहले हो चुकी होती है। अब इस स्थिति में वह मना नहीं कर सकते हैं, लेकिन एलपीजी सिलेंडर के लिए उन्हें भी कालाबाजारी करने वालों से ही मनमानी कीमत पर लेना पड़ रहा है ऐसे में इतनी अधिक कीमत में सिलेंडर मिलने के बाद उनके लिए अपना खर्च निकालना भी मुश्किल होता जा रहा है वहीं कुछ मामलों में शादी व अन्य समारोह के मेन्यू में कटौती भी करानी पड़ रही है।

गैस न मिलने के कारण कई कैटरर्स ने अब लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जिससे न केवल लागत बढ़ी है बल्कि प्रदूषण और गर्मी की समस्या भी पैदा हो रही है। वैवाहिक या अन्य कार्यक्रमों में वैसे तो पड़ोसी या रिश्तेदार मदद कर हैं और सिलिंडर उपलब्ध करा रहे हैं।

ऐसे में वैवाहिक कार्यक्रम व अन्य ऐसे बड़े कायक्रम के आयोजनों में कैटरिंग की कीमतों में भी काफी उछाल देखने को मिल रहा है। सिलेंडर की वजह से कैटरिंग में 10 से 15 फीसदी तक कीमतें बढ़ाई जा रही हैं जिसका बोझ आयोजक की जेब पर भारी पड़ रहा है। मैरिज गार्डनों या हॉल में सेवाएं दे रहे कैटर्स तो किसी न किसी तरह गैस उपलब्ध कर ही लेते हैं लेकिन सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना उन मध्यम वर्गीय परिवारो को करना पड़ रहा है जो सीमित खर्च में घर से ही कार्यक्रम संपन्न कराना चाहते हैं उन्हें हलवाई द्वारा 4 से 5 सिलेंडरों की मांग कर रहे हैं ये उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती है।

## नहीं हो सकीं वैवाहिक रश्मों, पुलिस की हरकत ने खाकी को किया कलंकित

# वैवाहिक समारोह में पुलिस ने बर्बरता पूर्वक भांजी लाठिंया, मातम में बदल गई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वैवाहिक खुशियों के पल में उस समय कोहराम मच गया जब भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर बच्चे, बूढ़े महिलाओं सहित लड़के पक्ष व लड़की पक्ष के लोगों पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाने लगी। पुलिस की इस बर्बरता को देख हर कोई अचरज में था। बारात में पुलिस ने जिस प्रकार ग्रहण लगा दिया उसके बाद शहर भर में पुलिस के इस आचरण पर शर्मनाक चर्चाएं की जा रही हैं।

मामला कुठला थाना क्षेत्र का है, जहां देर रात डीजे बजाने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद पुलिस ने अपना आपा खो दिया और, समारोह क्षेत्र को रणभूमि बना दिया। निहत्थे लोगों पर ताबड़तोड़ लाठियां भांजी गई, घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिसने भी यह वीडियो देखा पुलिस के प्रति लोगों में घृणा देखी गई।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने एएसआई सौरभ सोनी और सिद्धार्थ राय को प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है। साथ ही जांच के आदेश दिए हैं। लेकिन पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाही



भी शहर वासियों में चर्चा का विषय बन गई है लोगों का कहना है कि ऐसे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है जबकि जिस प्रकार की घटना को पुलिस द्वारा अंजाम दिया गया है उसके लिए दोषी पुलिस कर्मयों पर मामला दर्ज होना होने के साथ सख्त कार्रवाही की जाना चाहिए था। उनके द्वारा इस प्रकार किए गए कृत्य से पुलिस की छवि कलंकित व धूमिल हो गई है।

बताया जाता है कि कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रानगर इलाके में चौधरी समाज की शादी समारोह चल रहा था, अमदरा से आई बारात में कुछ बारातियों और पुलिस के बीच डीजे बजाने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद पुलिस द्वारा लाठियां भांजी गई। परिजनों ने बताया कि इसके बाद पुलिस भारी संख्या में पहुंचकर हर किसी के ऊपर घातक प्रहार करने लगी, पुलिस ने अपना आपा खो दिया और समारोह स्थल के माहौल ने महाभारत का रूप ले लिया। आरोप है कि मामूली विवाद पर पुलिस ने बारातियों ही नहीं, घरातियों पर भी जमकर लाठियां बरसाईं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिसिया कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

लड़की पक्ष की ओर लड़की के भाई का कहना है कि पुलिस दूल्हा, दुल्हन और उसे जबरन उठाकर थाने ले गई, जिसके चलते शादी की रस्में पूरी नहीं हो सकीं। परिवार का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई ने एक खुशियों भरे घर को बर्बादी में बदल दिया। मारपीट में घायल वर और वधू पक्ष के कई लोग न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए मेडिकल परीक्षण और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। पुलिस की इस बर्बबरता में कई लोगों के सिर फूटे, हाथ टूटे और चीख-पुकार मच गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इस कार्रवाई में महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। वर्दी की आड़ में पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्वक हरकत ने जिले को झकझोर कर रख दिया है। हांलांकि पुलिस अधीक्षक द्वारा लाई अटैच की कार्रवाही की गई है, लेकिन शहर भर में इस कृत्य पर कठोर कार्रवाई की चर्चाए की जा रही है जिससे पुलिस अपने ऊपर लगे दाग को कुछ हद तक साफ कर पाने में सफल हो सके।

## खबर संक्षेप

### राहवीर योजना पर आयोजित हुआ कैंप



**कटनी।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने और आमजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा बस स्टैंड परिसर में राहवीर योजना के तहत विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में आरटीओ शसंतोष पाल एवं सहयोगी स्टाफ ने उपस्थित नागरिकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों, वाहन चालकों एवं आमजन को सड़क दुर्घटना के दौरान घायलों की तत्काल मदद करने के महत्व से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि राहवीर योजना के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने या मदद करने का कार्य करता है, तो उसे शासन द्वारा सम्मानित करते हुए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य "गोल्डन आवर" में त्वरित सहायता सुनिश्चित कर अधिक से अधिक लोगों की जान बचाना है।

### एमपीपीएससी परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने एवं परीक्षा संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में परीक्षा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही कंट्रोल रूम प्रभारी की नियुक्ति कर उनके सहयोग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेश के अनुसार जिला कार्यालय के अधीक्षक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उनके सहयोग के लिए प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक श्रीमती दीप्ति सिंह (सहायक अधीक्षक), कमल नवलकर (सहायक ग्रेड-3) और श्याम झारिया (भृत्य) की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियत समय में कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर सभी परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री प्राप्त करने, परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों की उपस्थिति प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र में प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में तैयार करेंगे ।

### कलेक्टर ने भेंट की पुस्तिका



**कटनी।** मंगलवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आम आदमी को सीधे लाभ पहुँचाने के लिये मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं की संकलन पुस्तिका 'नई राहें नये अवसर' और 'मध्यप्रदेश संदेश' का अंक भेंट किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर 'नई राहें नये अवसर' पुस्तिका में संकलित विभिन्न विभागों की शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संकलन की सराहना की।

# स्टेशन में आरएमएस ऑफिस के जनरेटर में लगी आग



## समय रहते आग पर पाया काबू, हादसे में कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रेलवे मेल सर्विस (RMS) कार्यालय में मंगलवार शाम अचानक उस समय भारी अफरा तफरी मच गई जब वहां लगे जनरेटर में आग लग गई। यहां के कार्यालय परिसर में जैसे ही आग लगी पहले वैसे ही चंद पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती जा रही थी, जैसे ही इसकी जानकारी डिप्टी एसएस (कमर्शियल) विजय कुमार कुशवाहा तुरंत एक्शन में आए। उन्होंने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और अन्य रेल कर्मियों के माध्यम आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। उनकी सक्रियता और त्वरित सूझबूझ के चलते आग को आगे फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आग बुझाने में थोड़ा और विलंभ हो जाता तो यह यह आग एक बड़े हादसे का रूप ले लेती। आग को देखते ही आसपास के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए वहां मौजूद लोगों ने तत्काल आग को नियंत्रित करने के कार्य में जुट गए जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया।

राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार की जनहानि या धनहानि की सूचना नहीं है। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रेलवे संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## जबलपुर मानिकपुर रेल खंड विंडो का हुआ निरीक्षण

# रेलवे जीएम ने लिया रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह मंगलवार को जबलपुर से मानिकपुर रेल खंड के निरीक्षण पर निकले। विशेष रैक के माध्यम से 'विंडो ट्रेलिंग' निरीक्षण करते हुए जीएम दोपहर में कटनी पहुंचे, जहाँ उन्होंने रेलवे के सुरक्षा मानकों और परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जीएम ने ट्रैक की गुणवत्ता, सिग्नलिंग प्रणाली और ओएचई (OHE) लाइनों का बारीकी से अवलोकन किया। कटनी पहुंचने पर उन्होंने स्थानीय रेल अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में




उन्होनें ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी पहलुओं की जांच पर अधिक जोर दिया साथ ही यात्री ट्रेनों के संचालन में देरी को कम करने और समय पालन में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियो से चर्चा करते हुए जारी विकास कार्यों की प्रगति और आगामी मानसून को देखते हुए तैयारियों पर तेजी लाने व समय से कार्य कराने पर जोर दिया।

महाप्रबंधक ने फील्ड अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि रेल संचालन में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए। उन्होंने संरक्षा से जुड़े उपकरणों के रखरखाव और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर से मानिकपुर तक का यह विंडो निरीक्षण रेल खंड की वर्तमान स्थिति को समझने और यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया था। इस दौरान मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।महाप्रबंधक ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी, लापरवाही पर सख्त कार्रवाही के लिए तैयार रहें।

## गेंहू उर्पाजन के लिए दो महिला स्व सहायता समूहों को दी जिम्मेदारी

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने गेहूँ उपार्जन हेतु बरही तहसील में 3 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया है और इनमें से 2 उपार्जन केन्द्रों में महिला स्व-सहायता समूहों को उपार्जन की जिम्मेदारी दी है। साथ ही इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। जारी आदेश के अनुसार उपार्जन केन्द्र पिपरियाकला में खरीदी की जिम्मेदारी गुलाब स्व-सहायता समूह को दी गई है और इसके नोडल हल्का पटवारी संतोष महोबिया होंगे। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्र हदरहटा में गेहूँ खरीदी राधाकृष्ण स्व सहायता समूह करेला द्वारा की जायेगी और इसके नोडल हल्का पटवारी




## जनसुनवाई मे कलेक्टर ने सुनी 153 आवेदकों की समस्याएं

# रेलवे ने रोका भुगतान, कलेक्टर के सामने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 153 आवेदकों की समस्यायें सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान अनिल यादव, रविशंकर, रामप्रसाद कुशवाहा, रामअवतार शर्मा एवं अन्य ने आवेदन देते हुये बताया कि निवार पहाड़ी स्थित बर्न कंपनी जो कि पूर्व में बंद हो चुकी है। जिसे वर्तमान में बर्न कंपनी ने रेलवे को बेच दिया है, में हम सभी बर्न चौकीदारी करते थे। रेलवे के अधिकारियों द्वारा हमें कहा गया कि



आप लोग चौकीदारी करते रहो। जबसे हमने कंपनी ली है तब से रेलवे आप सभी का भुगतान करेगी। परन्तु अभी तक हम सभी को मजदूरी के नाम पर एक पैसा भी नहीं दिया गया। इस पर कलेक्टर तिवारी ने रेलवे के एरिया मैनेजर को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार संतोष कुमार दाहिया ने कलेक्टर को संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लिये गये ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान नहीं मिलने की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

एक अन्य प्रकरण में ग्राम खम्हरिया वार्ड नं 06 तहसील ढीमरखेड़ा निवासी आवेदिका गंशी बाई ने कलेक्टर को अपनी शिकायत में बताया कि मेरे यहां घरेलू बिजली का कनेक्शन है। पिछले कुछ समय से मेरा बिजली का बिल नहीं आ रहा था। बिजली विभाग से संपर्क करने पर मेरा बिजली का बिल 1 लाख रूपये हो गया है। मैं मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करती हूँ और इस राशि का भुगतान करने में असमर्थ हूँ। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

वहीं गांधी गंज महात्मा गांधी वार्ड नं 09 निवासी राजकुमार निषाद ने कलेक्टर श्री तिवारी को आवेदन देते हुये बताया कि मेरा परिवार गरीबी रेखा के अंतर्गत आता है। मेरा मकान जर्जर हो चुका है और मेरी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि मैं अपने मकान की मरम्मत करवा सकूँ। कई बार आवेदन देने के बावजूद मुझे पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को पात्रतानुसार शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में जिले भर अलग अलग स्थानों से पहुंचे 153 आवेदकों ने अपनी अपनी समस्यों को सामने रखा, आवेदनों के आधार पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### निराकरण में निन 'ए' ग्रेड के साथ प्रदेश में छठे स्थान पर



**कटनी।** नगर निगम ने सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों के प्रभावी एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की सतत मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन के फलस्वरूप मार्च माह की ग्रेडिंग में नगर निगम कटनी को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही निगम ने प्रदेश की अग्रणी ननि में छठवां स्थान हासिल किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग के अनुसार नगर निगम ने 88.96 वेटेज स्कोर अर्जित किया। मार्च माह में प्राप्त कुल 702 शिकायतों में से 51.45 प्रतिशत शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया, जो निगम की कार्यप्रणाली की दक्षता को दर्शाता है।
निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने इस उपलब्धि को टीम वर्क का परिणाम बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने अधिकारियों - कर्मचारियों को इसी समर्पण, मेहनत एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

### सांदीपनी विद्यालय के छात्राओं का हुआ सम्मान



**उमरियापान।** सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। विद्यालय के 12वीं कक्षा के 22 विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु शासन द्वारा 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। वहीं 2 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि शासन स्तर से दी जाएगी।

### प्याऊ खुलने से राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**उमरियापान।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के खमतरा सेक्टर में झिन्ना पिपरिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति दियागढ़ के द्वारा प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ खुलने से राहगीरों को भी शुद्ध एवं ठंडा पेयजल मिलेगा। इस मौके पर परामर्शदाता मुकेश सिंह बरकड़े, धीरज पटेल, पिक्कू असाटी, देवराज मरावी, आशीष सिंह, दीपचंद यादव उपस्थित रहे।

### पक्षियों के लिए लगाए सकोरे



**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सराहनीय पहल की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं समीपस्थ हनुमान मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाकर पानी की व्यवस्था की। साथ ही स्वयंसेवकों ने यह संकल्प भी लिया कि वे प्रतिदिन सकोरों में जल भरकर पक्षियों के लिए निरंतर पानी उपलब्ध कराएंगे। इस अभियान में अभिषेक कुमार, दीनदयाल चक्रवर्ती, चंद्र कुमार, श्वेता शर्मा, चंद्रमुखी बर्मन, आंचल मेहतर, प्रतिमा मेहतर, अंजलि पटेल,छाया उपाध्याय, डॉ. मीनाक्षी शोभरी, डॉ. राजा राम सिंह, डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. श्वेता सिंह बघेल,अखिलेश द्विवेदी, हर्षित द्विवेदी मौजूद रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल ने की जांच, जारी रहेगी कार्रवाई

# गेंहू के अवैध स्टॉक की सूचना पर खंगाले गोदाम, मौके पर किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को अवैध रूप से अनाज भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोदामों को सील कर दिया है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान बिचौलियों और रीसाइक्लिंग करने वालों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में संयुक्त टीम ने स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम धुरी में छापामार कार्रवाई करते हुए भंडारित गेहूं की जांच की। एसडीएम बहोरीबंद श्री राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन में गठित इस विशेष टीम में तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सुश्री सारिका रावत और नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव शामिल रहे। इनके साथ कृषि उपज मंडी समिति के उड़नदस्ता प्रभारी आनंद मिश्रा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुधीर त्रिपाठी, विकास मिश्रा और प्रशांत मौर्य की टीम ने ग्राम धुरी के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर दबिश दी।निरीक्षण के दौरान आशीष सोनी के पास 2200 बोरी, बृजेश सोनी के पास 950 बोरी, आकाश मौर्य के पास 654 बोरी एवं ओंकार साहू के पास से 330 बोरी गेहूं भंडारित पाया गया। संयुक्त टीम ने नारायण सोनी के 4 शटर वाले गोदाम में रखे गए अवैध स्टॉक को मौके पर ही सील कर दिया है। राजस्व और मंडी समिति की टीम ने बताया कि मामले को विवेचना में लिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की जाएगी।



#### रीसाइक्लिंग पर रोक लगाने का प्रयास

कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासकीय उपार्जन में रीसाइक्लिंग (पुराने या खरीदे हुए गेहूं को समर्थन मूल्य पर बेचना) को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों से सरकारी खजाने की रक्षा करना और यह सुनिश्चित करना है कि शासन द्वारा दिए जा रहे समर्थन मूल्य का सीधा लाभ केवल वास्तविक किसानों को ही मिले।

कार्रवाई के दौरान दल द्वारा जब व्यापारी से भंडारण एवं व्यापार से संबंधित वैध लाइसेंस, अनुमति पत्र एवं कृषकों से किए गए क्रय-विक्रय का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, तो व्यापारी कोई भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेजों के अभाव में प्रथम दृष्टया मामला नियमों के उल्लंघन का पाए जाने पर मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध भंडारण, बिना लाइसेंस व्यापार तथा कृषकों के हितों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रशासन द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है तथा संबंधित अधिनियमों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जिले में इस प्रकार की अनियमितताओं पर निरंतर निगरानी रखते हुए आगे भी सघन निरीक्षण अभियान जारी रहेगा। कलेक्टर ने कड़ी चेतावनी देते हुए ऐसे अवैध भंडारण कर्ताओं पर सख्त कार्रवाई करने आदेश जारी किए गए हैं।

## सार्वजनिक कुएं की सफाई से जल संरक्षण को मिलेगा नया आयाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में जल संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में वेंकट वार्ड स्थित सार्वजनिक कुएं की साफ-सफाई एवं पुनर संरक्षण का अभियान प्रारंभ किया गया है।
कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। कुएं, बावड़ी एवं तालाब जैसे स्त्रोत न केवल भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि वर्षा जल के संचयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वेंकट वार्ड के इस सार्वजनिक कुएं की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण इसकी उपयोगिता प्रभावित हो रही थी, जिसे अब व्यवस्थित रूप से पुनर्जीवित किया जा रहा है।
सफाई अभियान के अंतर्गत कुएं से गाद एवं कचरा निकालने के साथ-साथ उसके आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि भविष्य में जल स्त्रोत प्रदूषित न हो।
इस दौरान क्षेत्रीय वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी, प्रभारी समयपाल महेंद्र उपाध्याय, क्षेत्रीय पम्प ऑपरेटर अतुल निषाद एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में कुआँ सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया। नागरिकों को भी जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।
नगर निगम प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक जल संरक्षण के इस अभियान में सहभागी बनें और अपने आसपास के जल स्त्रोतों की सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। यह सामूहिक प्रयास ही भविष्य में जल संकट से बचाव का मजबूत आधार बनेगा।

*कार्यों में शिथिलता व लापरवाही होने पर महापौर ने दी सख्त चेतावनी*

## महापौर ने जनसुवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के लिए जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत की गईं। मेयर-इन-काउंसिल सभागार में आयोजित इस जनसुनवाई में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक श्रवण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।
जनसुनवाई के दौरान स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, अतिक्रमण निराकरण सहित विभिन्न




विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। महापौर द्वारा प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप अनेक प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।
इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा पूर्व में प्राप्त शिकायतों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निराकृत प्रकरणों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा लंबित मामलों में शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जा सकेगा।
महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम नागरिकों को उनकी समस्याओं के संतोषजनक समाधान हेतु एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। नगर निगम का सतत प्रयास है कि नागरिकों को एक ही स्थान पर पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर बीएमएस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय मज़दूर संघ द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की माँगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ठेकाकर्मियों से जुड़ी 17 प्रकार की माँगों को सम्मिलित किया गया और मुख्यमंत्री से इनके निराकरण की माँग की गई।ज ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि समान कार्य का समान वेतन दिया जाए, सभी ठेकाकर्मियों को पीएफ, बोनस, ग्रेच्यूटी, ईएसआईसी का लाभ देना, स्थाई प्रकृति के कार्यों में लगाए गये ठेका श्रमिकों को नियमित करना, 12 घंटे की जगह 8 घंटे ही काम लेना, बैंक खाते में वेतन डालना, हर माह वेतन पर्ची देना, दुर्घटना बीमा 20 लाख करने, ठेकाकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश



देना, प्रत्येक माह की 7 तारीख के पूर्व वेतन भुगतान सुनिश्चित करने जैसी अनेक माँगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। भारतीय मज़दूर संघ तहसील अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर, प्रदेश के सभी जिलों से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जा रहा है। ज्ञापन के पूर्व सभी श्रमिक थाना तिराहे के सामने एकत्रित हुए और पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुँचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर बीएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल, विनोद पटेल, तहसील अध्यक्ष गोविंद शर्मा, सचिव योगेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा , मनोज, मीडिया प्रभारी शिवा विश्वकर्मा एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत को लेकर संपन्न हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, बीएसएनएल एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहें।
जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित व प्री-लिटिगेशन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा।
बैठक में जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण, कटनी की व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव श्रीमती मृणालिनी सिंह द्वारा वन टू वन चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए एवं नगर पालिका निगम के संपत्ति कर, जलकर, एवं समस्त बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सूचना पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव श्रीमती मृणालिनी सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि जिन लोगो के छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये है, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग में प्री-लिटिगेशन प्रकरण के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। जो पक्षकार अपने प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में कराना चाहते हैं, वे संबंधित विभाग या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

*शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नगारिको से की जा रही अपील*

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम हुआ सख्त जुर्माने की कार्रवाई, वसूले 24 सौ रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर का निर्माण केवल सरकारी योजनाओं और प्रयासों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की जागरूकता, जिम्मेदारी और सक्रिय सहभागिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी सोच को साकार करने के लिए नगर निगम द्वारा शहर में सुव्यवस्थित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था लागू की गई है। नियमित सफाई, वायु गुणवत्ता में सुधार, कचरा संग्रहण, जनजागरूकता अभियान एवं सख्त निगरानी के माध्यम से न केवल शहर को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, ताकि सामूहिक भागीदारी



से स्वच्छता एक स्थायी आदत बन सके।
स्वच्छता नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निगम प्रशासन द्वारा उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। जिसके तहत नगर के विभिन्न जोनों 3,4,5 एवं 7 में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने पर 12 लोगों पर 2400 रुपये के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ नागरिकों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।
नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरे का पृथक्करण करें एवं निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्वच्छ शहर का निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। निगम प्रशासन का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित न रहकर नागरिकों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है, जिससे स्वच्छता एक स्थायी जन आंदोलन का रूप ले सके।
नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में दो शिफ्टों में नियमित एवं सुनियोजित सफाई व्यवस्था लागू की गई है। जिसके तहत मंगलवार प्रातः तैनात सफाई कर्मियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, आवासीय क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित गई। साथ ही विभिन्न वार्डो से कचरा संग्रहण के लिए डोर-टू-डोर कलेक्शन किया गया।

**शरीर में पानी की कमी न होने दें, सूती वस्त्र पहनें, शराब से परहेज करें।**

## लू से सावधानः हीट वेव से बचाव के लिए कलेक्टर ने जारी की एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भीषण गर्मी और हीट वेव के बढ़ते खतरे के मद्देनजर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। अस्पताल में लू से बचाव के लिए विशेष इंतजाम के निर्देष जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को हीट वेव व लू से बचाव के लिए तैयार रहने की निर्देष देते हुए पुख्ता इंतजाम करने निर्देशित किया है।
भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में मार्च से मई का तापमान औसत से अधिक होने की संभावना के दृष्टिगत जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने एडवायजरी जारी की है।
सन बर्न होने पर त्वचा पर लाल



चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि लक्षण दिखते हैं। ऐसी स्थिति में प्राथमिक उपचार के रूप में प्रभावित को बार-बार नहलाए। यदि फफोले निकल आएं हो तो स्टरलाइज ड्रेसिंग करें। चिकित्सक का परामर्श ले। ताप के कारण शारीरिक ऐठन होंने पर पैरों, पेट की मांसपेसियों भागों में तकलीफ देह ऐंठन, अत्यधिक पसीना आता है। इसी प्रकार अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव होने पर अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, उल्टी आना जैसे लक्षण नजर आते हैं। ऐसे में प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए। ऐंठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उकबाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।
ताप-दाह में अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल 108 को बुलाएँ तथा प्रभावित व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएँ । उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ पीनें को नहीं दें। आवश्यकतानुसार सीपीआर शुरू करें।
पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सबन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 3 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढ़क कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, दीले एवं आरामदायक कपड़े पहने सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

## निगम का जनगणना के लिए तेज हुआ प्रचार प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी जनगणना 2027 को सफल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आधुनिक तकनीक एवं पारंपरिक साधनों के समन्वय से निरंतर गति पकड़ रहा है।
कलेक्टर आशीष तिवारी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण—मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना—के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना है। इसके लिए जिंगल्स, ऑडियो संदेश, बैनर, होर्डिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से मुनादी कर जनगणना का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बैनर एवं होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया से अवगत हो सकें। जिंगल्स के माध्यम से सरल एवं आकर्षक भाषा में यह संदेश प्रसारित किया जा रहा है कि जनगणना में सही एवं पूर्ण जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। डिजिटल माध्यमों का भी अभियान में व्यापक समावेश किया गया है। व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जनगणना से संबंधित जानकारी एवं जागरूकता सामग्री नियमित रूप से साझा की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 6 केन्द्रों पर शामिल होंगे 1765 परीक्षार्थी

**पन्ना।** म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा रविवार, 26 अप्रैल को दो सत्रों में जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में कुल 1765 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय पर शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय बायपास रोड में 300, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय में 320, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 में 250, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कला भवन) में 350, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में 301 तथा महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उ.मा. विद्यालय में 244 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक निर्धारित है।कलेक्टर ऊषा परमार ने पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं संपर्क के लिए कलेक्टर कार्यालय पन्ना के एनआईसी कक्ष क्रमांक 55 में कंट्रोल रूम स्थापित करने संबंधी आदेश जारी किया है। कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7701078469 है। प्रभारी जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस तरूण चौरसिया 8517061810 को कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

छोटे स्तर से शुरू किए गए विकास कार्य समय के साथ बड़े और आकर्षक स्वरूप ले सकते है - राज्यमंत्री

# बोबई को मिली 65 लाख की लागत से बने उप-स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है और इसके जीर्णोद्धार से इसकी भव्यता और दिव्यता में और वृद्धि हुई है। आने वाले समय में यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बनेगा। माईसेम सीमेंट द्वारा सी.एस.आर मद के अंतर्गत लगभग 15 लाख रुपए की लागत से एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है, इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायत द्वारा भी 10 लाख रुपए की लागत से एक अन्य सामुदायिक भवन तैयार किया गया है, इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम बोबई में 65 लाख की लागत से निर्मित उप- स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य विकास एवं निर्माण कार्यो के लोकार्पण एवं भूमीपूजन के दौरान आयोजित गरिमामय समारोह में व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा, क्षेत्र में आवश्यक कार्यों के लिए 2 लाख से 20 लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि छोटे स्तर से शुरू किए गए विकास कार्य, समय के साथ बड़े और आकर्षक स्वरूप ले सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। उदाहरण देते हुए बताया कि एक स्थान पर सालाना लगभग 100 शादियाँ होती हैं, जिससे वहाँ बेहतर व्यवस्थाओं की जरूरत स्पष्ट होती है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होने कहा, इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह ने मंदिर के विकास और आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने इस परियोजना को जनता को समर्पित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

दमोह सांसद राहुल सिंह ने कहा, कार्यक्रम के दौरान लगभग 01 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित सामुदायिक भवनों और उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना तथा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना है। उन्होने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के "विकसित भारत" और "विकसित मध्य प्रदेश" के संकल्प को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन, उप-स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवनों का निर्माण प्राथमिकता पर किया जा रहा है, साथ ही सड़कों के विस्तार, पेयजल आपूर्ति और सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा, केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से आने वाले वर्षों में बुंदेलखंड क्षेत्र में जल उपलब्धता को व्यापक रूप से सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कृषि और पेयजल दोनों क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। उन्होने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक "विकसित भारत" के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐसे विकास कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू ने भी गरिमामय समारोह में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार, राजेन्द्र गुरू, महेश पटेल, खरगराम पटेल, संगीता श्रीधर, मनीषा दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## गुहची में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन उमाशंकर शास्त्री ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिन मांगे दो मुट्ठी चावल के बदले दो लोकों का सुख प्रदान कर दिया था। मित्रता हो तो श्रीकृष्ण-सुदामा जैसी। उनकी मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह बात बनवार में आयोजित श्रीमद् भागवत के अंतिम दिन कथा व्यास पं उमाशंकर शास्त्री ने कहीं। उन्होंने कहा कि मित्रता बचपन, जवानी और बुढ़ापे तक नहीं भूलें, ऐसी होनी चाहिए। समर्पण प्रेम बिना सच्ची मित्रता सार्थक सिद्ध नहीं होती है। जब सुदामा ने कहा कि कृष्ण तुम मिले नहीं, तब श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं तो मित्र सुदामा तेरे हृदय में रहता हूं। तुमने कभी हृदय में मुझे देखा ही नहीं। सच्ची मित्रता ऐसी होती है। जब द्वारपाल ने द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्ण से कहा कि आपके दर पे सुदामा गरीब आए है, ये सुनकर भाव विह्वल हो गए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को सीने से लगाकर अपनी महल ले गए। सुदामा की हालत देखकर आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। मित्र का अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की झांकी पर पुष्प वर्षा की गई। कथा व्यास ने कहा मित्र व सखा के रुप में श्री कृष्ण जिस चरित्र के साथ जुड़े, उसके सौभाग्य के द्वार खुलने के साथ-साथ उद्धार भी हो गया। मित्र के रुप में कृष्ण का चरित्र यह संदेश देता है कि मित्रता ऐसी कीजिए कि मित्र के गुणों, चरित्र, यश और ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच कथा विश्राम आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया है।

## तहसील हटा में जनगणना के लिये तैनात प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का दूसरे चरण का प्रशिक्षण शुरू



**दमोह।** जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण का द्वितीय चरण का 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन चार्ज अधिकारी तहसीलदार डॉ. आलोक जैन, सहायक चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार राजेश सोनी के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभ हुआ। संस्थान के तीन कक्षों में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में 50-50 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षण में प्रगणक को किस प्रकार एचएलबी आवंटित की जाएगी, किस प्रकार जनगणना मकान के नंबर आवंटित करेंगे, कैसे परिवारों की संख्या दर्ज करेंगे, किन परिस्थितियों में मकान को आवासीय और किन परिस्थितियों में गैरआवासीय प्रदर्शित करना है, परिवारों की संख्या को विभाजित कैसे करेंगे आदि के संबंध में प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है साथ ही अपने प्रतिदिन सर्वे किए गए डाटा को सिंक करने के उपरांत कैसे पर्यवेक्षक की आईडी पर प्रेषित करेंगे और पर्यवेक्षक कैसे उसकी जांच कर चार्ज अधिकारी को भेजेंगे के संबंध में सभी को अवगत करवाया जा रहा है।
सामान्य परिवार, संस्थागत परिवारों की प्रविष्टियां कैसे होगी जनगणना में पूछे जाने वाले वाले प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार अंकित किए जाएंगे आदि पर उत्पन्न हो रही जिज्ञासाओं का सम मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, विजय बहादुर सिंह, दिनेश प्यासी, लक्ष्मीकांत डिम्हा, राधेश्याम यादव एवं मदन तंतुवाय द्वारा किया जा रहा है, तीन दिन चल रहे प्रशिक्षण में सभी पर्यवेक्षकों को मोबाइल ऐप पर प्रदर्शन करके सभी बिंदुओं से अवगत करवाया जा रहा है, प्रशिक्षण में जनगणना लिपिक आशीष सेन, ऑपरेटर अरुण गर्ग उपस्थित रहे।

## संस्कार को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से कलेक्टर ने किया सम्मानित



**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने के लिए शासकीय मॉडल स्कूल हटा के छात्र संस्कार पटेल को कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान संस्कार पटेल एवं उनके अभिभावक को जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

### स्वारोजगार एवं अप्रिन्टिस मेला का आयोजन 28 अप्रैल को

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग भोपाल एवं जिला प्रशासन दमोह के निर्देशानुसार 28 अप्रैल दिन मगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर रोड दमोह में निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु स्वारोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रातः 11 बजे से रोजगार स्वारोजगार, एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है।

## ग्राम जरुआ व हाथीडोल में जल संकट



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पंचायत इमलीडोल के अंतर्गत आने वाले ग्राम जरुआ में एक माह व हाथीडोल में पिछले दो माह से पेयजल आपूर्ति बंद होने के कारण गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर जनसुनवाई में एसडीएम सीजी गोस्वामी को समस्या से अवगत कराया हैं। ग्रामीणों राधारानी गौंड, चंद्र रानी गौंड, पंचम सिंह, शंकर सिंह, चंन्नू सिंह, बसोरी सिंह, हल्ले भाई, दीक्षा गौंड, मालती, कौशिल्या, मनीषा, चन्दन, मानसिंह ने बताया कि गांव में जल सप्लाई योजना पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है, जिसके कारण ग्राम जरुआ में उन्हें लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित भमका नाले से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके अलावा ग्राम हाथीडोल में 2 किमी अमेहाउ झिरिया से मजबूरन पानी लाना पड़ता है और यह पानी पीने योग्य नहीं है, जिससे जलजनित बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। संबंधित जल योजना अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो पा रही है पेयजल की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर जलापूर्ति व्यवस्था को शीघ्र बहाल किया जाए। साथ ही बताया 1 सितंबर 2025 को कलेक्टर को आवेदन दिया था तब से 170 दिन में 70 दिन भी लगातार पानी नहीं आ रहा है साथ ही पानी के पैसे भी मांगे जा रहे हैं। दोनों ग्राम आदिवासी बाहुल्य हैं जिसमें लगभग 700 लोग निवासरत हैं। एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि मैनें तुरंत ही जल निगम अधिकारियों से बात की हैं जल निगम से भरत विश्वकर्मा सहायक प्रबंधक जल निगम दमोह द्वारा ग्रामों का विजिट किया गया हैं। जो ग्रामों की रिपोर्ट मुझे प्रस्तुत करेगें, जल सप्लाई में गंभीर समस्या न होने की स्थिती में पेयजल की सप्लाई तुंरत ही चालू करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाये गये जल पात्र और दाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पुलिस थाना परिसर हटा में मंगलवार दोपहर एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा थाना प्रभारी सुधीर बेगी के साथ मिलकर परिसर में पक्षियों के लिए विशेष जल और दाना व्यवस्था कराई गई। इस दौरान मिट्टी के सकोरे में पानी भरकर पेड़ों पर टांगा गया, ताकि गर्मी के इस तपते मौसम में पक्षी बिना किसी परेशानी के पानी पी सकें। साथ ही दाने की भी व्यवस्था की गई है। पीआई सुधीर बेगी ने बताया कि जिस प्रकार गर्मी के दिनों में मनुष्यों के लिए पानी पीना अत्यंत आवश्यक होता है, उसी तरह पक्षियों के लिए भी जल और दाना बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ यह व्यवस्था की गई है, जिससे पक्षियों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस पहल के दौरान पुलिस स्टाफ एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हटा से डा. विनय कुमार वर्मा, मोही हजारी, अजीत विश्वकर्मा, सांतनु खटीक, पृथ्वी प्रताप सिंह, साहिल जैन, श्रियांश नामदेव, शिवांश शर्मा उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर सेवा एवं जन जागरूकता अभियान



**दमोह।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर लीनेस क्लब द्वारा जटा शंकर धाम में सेवा, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता से ओत-प्रोत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों के बीच ठंडाई, शीतल पेय, सत्तू के पैकेट तथा ताजे फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंशुल शर्मा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। अक्षय तृतीया के अवसर पर पारंपरिक रूप से होने वाली गुड्डा-गुड़िया विवाह की परंपरा को भी सामाजिक संदेश से जोड़ा गया। क्लब सदस्यों ने बताया कि इस परंपरा के माध्यम से स्थानीय गरीब एवं मेहनतकश परिवारों द्वारा बनाए गए पारंपरिक सामानों की खरीदारी कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। साथ ही समाज को यह संदेश भी दिया गया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त कर बच्चों को शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर लीनेस क्लब की प्रदेश डायरेक्टर रोजी बघ्गा ने कहा, "अक्षय तृतीया केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, दान और समाज को सही दिशा देने का अवसर भी है। हमें जरूरतमंदों की सहायता करते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता फैलानी चाहिए। जब समाज जागरूक होगा, तभी सच्चे अर्थों में प्रगति होगी। क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने संबोधन में कहा, लीनेस क्लब सदैव मानव सेवा एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों में अग्रणी रहा है। आज का यह आयोजन सेवा, सहयोग और संस्कार का सुंदर उदाहरण है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाजहित में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्ष पदमा दुबे ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा सभी ने मिलकर अक्षय तृतीया का पर्व सेवा भावना के साथ मनाया। कोषाध्यक्ष माया यादव ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा, संस्कार और सामाजिक चेतना का प्रेरणादायी उदाहरण बना। कार्यक्रम में स्मृति खरे, मोनिका चिले, प्रियंका सुरेखा, प्रिंसी जैन, पायल अरोड़ा, पूजा सचदेव, एकता जुनेजा,..काजल प्रियंका, पुष्पा प्रजापति एवं कृतिका लचवानी की उपस्थिति रही।

## नेशनल लोक अदालत 9 मई को, आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के साथ बैठक सम्पन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 09 मई 2026 का आयोजन जिला न्यायालय दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में किया जावेगा। लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु नगरपालिका, विद्युत, बीएसएनएल एवं बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन दमोह में किया गया। बैठक में पंकज शर्मा, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम, सचिव उषाकांता कृषाण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, कार्यपालन अभियंता मोती लाल साहू विद्युत विभाग, आर. एस. साहू, कार्यालय लीड बैंक, प्रशांत शर्मा एवं श्री प्रदीप पटैल, क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, राजकुमार विश्वकर्मा एवं राजा दुबे नगर पालिका दमोह उपस्थित रहे। विशेष न्यायाधीश पंकज शर्मा, विद्युत अधिनियम द्वारा नगरपालिका, विद्युत एवं विभिन्न बैंकों के उपस्थित अधिकारीगण को अधिक से अधिक प्रि-लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु चर्चा कर, समय सीमा में उक्त प्रकरणों की नोटिस तामीली कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये, साथ ही नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करवाये जाने हेतु निर्देशित किया एवं उनकी व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाकर उनका समाधान बताया गया। सचिव उषाकांता कृषाण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा समस्त विभागों को विभाग द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को 30 अप्रैल तक कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हेतु कहा गया ताकि सूचना पत्रों की तामीली नियत समयावधि में पक्षकारों को की जा सके व नेशनल लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ पक्षकारों को मिल सके।
जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति से किया जावेगा, इस हेतु पक्षकारों को सूचनापत्र जारी किये जा रहे है ऐसे पक्षकार जिन्हें नोटिस प्राप्त नही हुये है और वे अपने प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करना चाहते है तो वे संबंधित न्यायालय या कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह में संपर्क कर सकते हैं।

# चीतों की बसाहट में अभी करना पड़ेगा और इंतजार बाड़ा बनने में ही लग जाएंगे चार माह

### जून अंत में चीता शिफ्टिंग मुश्किल, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में धीमी गति से चल रही चीता प्रोजेक्ट की कार्ययोजना की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लाए जाने वाले अफ्रीकन चीता की बसाहट में अभी इंतजार करना होगा। जून अंत तक चीते लाने की तैयारी थी, लेकिन बाड़ों का काम लेट होने से ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। मुहली रेंज में 8 बाड़ों का काम शुरू हो गया है। इन्हें तैयार होने में 4 माह का समय लगेगा। बरसात में जुलाई अंत तक चीतों को लाया जा सकता है। इस बीच 100 वन कर्मियों को चीतों की निगरानी, उनके व्यवहार और बाड़ों के रखरखाव की ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। टाइगर रिजर्व से वन कर्मियों के 10-10 सदस्यीय दल कूनो भेजे जा रहे हैं। एक दल ट्रेनिंग लेकर आगया है टाइगर रिजर्व में चीतों के लिए मुहली, सिंगपुर और झापन रेंज के 440 हैक्टेयर क्षेत्र का चयन किया गया है। मुहली रेंज में घास के मैदान व छायादार पेड़ हैं इसलिए यहां बोमा बनाए जा रहे हैं। क्वारेंटाइन बोमा में रखने के एक माह बाद इन्हें सॉफ्ट रिलीज बोमा में छोड़ा जाएगा। 440 हेक्टेयर में बाड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसी जाली के ऊपर झटका करंट के तार देंगे, बाहरी शिकारियों से सुरक्षा। टाइगर रिजर्व में क्वारेंटाइन बोमा की ऊंचाई 10 फीट, जबकि सॉफ्ट रिलीज बोमा की 14 फीट रहेगी। बाड़े की खासियत यह है कि सबसे नीचे सीसी फाउंडेशन बीम होगी। इस पर मधुमक्खी के छत्ते के आकार की जाली लगेगी 8 फीट ऊंची यह गैल्वेनाइज्ड जाली जंगल के वातावरण में लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी सबसे ऊपर बिजली के पल्स तार लगेंगे। ऐसे 6 पल्स तार लगाए जाएंगे, जिसे छूने से काफी हल्का करंट जैसा अहसास होता है। इसे आम तौर पर झटका करंट नाम से जाना जाता है। इससे किसी जीव को नुकसान नहीं होता। यह अन्य शिकारी जीवों से चीतों को सुरक्षा देगा। तेज गति से चल रहा प्रवेश द्वार का काम
इधर टाइगर रिजर्व के बीना गेट पर टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए स्तर से खूबसूरत प्रवेश द्वार बनाए जा रहे है जिसका काम तेज से चल रहा है साथ ही इनमें एक प्रवेश द्वार हिनौती मोहली में बनाया जाना है टाइगर रिजर्व में सैर पर आने वाले पर्यटकों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह का कहना है कि बोमा बनने के बाद ही चीतों की शिफ्टिंग होगी बरसात में भी चीतों की शिफ्टिंग हो सकती है। इसमें कोई दिक्कत नहीं आएगी। चीतों को बाड़ों में रखने के लिए वन अमले को प्रशिक्षित करा रहे हैं। कूनों में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में इनकी ट्रेनिंग चल रही है।

## जनसुनवाई में 163 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** जनसुनवाई में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आवेदकों से क्रमवार उनके आवेदन लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए I उन्होंने आवेदकों की बातों को बड़ी गंभीरता से सुना साथ ही इस जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वह हर जनसुनवाई में इसी तरह मौजूद रहकर आवेदकों की समस्याओं का यथासंभव स्थल पर निराकरण करें अन्यथा निर्धारित समय सीमा में निराकृत कर अवगत कराये। इस अवसर पर एक दिव्यांगजन ने दमोह आने पर बस का किराया शासन के निर्देशानुसार कराए जाने हेतु आवेदन दिया, कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा सभी पात्र दिव्यांग जनों को इस तरह की व्यवस्था का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। इसी तरह बटियागढ़ और जबेरा क्षेत्र से आए किसानों का सीमांकन का और बॅटवारा प्रकरण का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित तहसीलदारों को दिशा निर्देश देते हुए कार्रवाई कर अवगत कराने के लिए कहा गयाI जनसुनवाई में विद्युत बिलों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का कार्यपालन यांत्रिक विद्युत मंडल श्री साहू को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (ग्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 163 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 09 आधार अपडेशन, 120 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान एडीएम मीना मसराम, एसडीएम रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### पवई विधायक ने पूर्ण की स्वगणना प्रक्रिया

**पन्ना।** जनगणना 2027 कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में आगामी एक मई से मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य आरंभ होने के पूर्व नागरिकों को पोर्टल पर ऑनलाइन स्वगणना की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाकर प्रगणक के घर-घर संपर्क कार्यक्रम से पहले ही स्वगणना पूर्ण कर सकता है। जनप्रतिनिधियों सहित लोकसेवकों एवं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के लोगों द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया जा रहा है। मंगलवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा भी स्वयं के मोबाइल फोन से स्वगणना की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। जनसामान्य के लिए आगामी 30 अप्रैल तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा भी स्वगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया में एसई पोर्टल के जरिए नागरिकों से परिवार की जानकारी भरने का आग्रह किया गया है। स्वगणना से गोपनीयता सुनिश्चित होने के साथ ही जनगणना प्रक्रिया तेज व कुशल बन सकेगी। नागरिकों द्वारा लॉगिन कर अपनी सुविधानुसार जानकारी भरी जा सकती है। किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी उपलब्ध है।

### दमोह हिंडोरिया रोड पर रफ्तार के कहर से शादी की खुशियां मातम में बदली

# शादी के कार्ड बांट कर लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गर्मी बढ़ने के साथ रफ्तार का कहर और सड़क हादसों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है इस दौरान बड़े वाहन चालकों की जरा सी लापरवाही और सड़क पर साइड नहीं देने जैसे हालात के चलते छोटे वाहन चालक खासकर दो पहिया और तिपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार होकर काल कल्वित हो रहे हैं। ऐसे ही कुछ घटनाक्रम के चलते



मंगलवार को पटेल परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदलते देर नहीं लगी। दमोह हिंडोरिया रोड पर हुए सड़क हादसे में एक नौजवान युवक की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि युवक अपनी छोटी बहन की शादी के कार्ड बताकर घर लौट रहा था इसी दौरान काल बनकर आए एक बड़े वाहन ने उसकी जान ले ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलाई निवासी धनीराम पटैल (खरसौल्या) की बेटी की शादी होने जा रही थी जिसको लेकर परिवार में खुशियों के साथ तैयारी का माहौल बना हुआ था। मंगलवार को धनीराम पटेल का इकलौता बेटा अंकित पटेल छोटी बहन की शादी की कार्ड बांटकर खुशी खुशी घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार वाहन में टक्कर मारते हुए अंकित को अपनी चपेट में ले लिया। बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंकित के इस तरह असमय चले जाने से पटेल परिवार के साथ पूरे गांव में जहां मातम पास रहा हुआ है वही उसके दोस्त जाने वाले भी बेहद गमगीन है ।

## क्रासिंग के दौरान ट्रक के पिछले चके से टकराई कार के परखच्चे उड़े



**दमोह।** देर रात हीरापुर हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार के सामने से परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही की एयरबैग खुल जाने से मौके पर किसी की मौत नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह हीरापुर हाईवे पर नरसिंहगढ़ सुनार नदी पुल के आगे बटियागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुरा के समीप से भीषण सड़क हादसे की तस्वीरें सामने आई है। हैवी ट्रक क्रमांक एमपी 22 एच 1144 के राइट साइड के पिछले हिस्से से अर्टिगा कार क्रमांक एमपी07 सीजी 9273 की भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्ती की ट्रक के पिछला टायर के बर्स्ट होने के साथ साइलेंसर व सेंटर रॉड टूट कर गिर गई। इधर अर्टिगा कार के सामने से परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही हादसे के साथ कार के एयरबैग खुल गए जिससे कार में सवार लोगों की मौके पर जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर पड़े 3 घायलों को इलाज के लिए डायल 112 से जिला अस्पताल भेजा गया। इधर सड़क पर ट्रैफिक जाम जैसी हालत के चलते दोनों वाहनों को साइड में किया गया। दुर्घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब सामने से एक ट्रक आ रहा था इसी बीच क्रॉसिंग के दौरान ट्रक के पिछले हिस्से के पहिए में कार टकराई और भयानक आवाज के साथ-साथ ट्रक के पिछले हिस्से का टायर फूट हो गया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है वही घटना के संदर्भ में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन घायल, दो जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा। मंगलवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित चौराई ग्राम के पास दो बाइक की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जिसमें ती लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं दो को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शाम 5 बजे डायल 108 के पायलट नरेश अठ्ठया डॉ विजय ठाकुर को सूचना प्राप्त हुई थी की चौराई के पास दो बाइक सवार आमने सामने टकरा गए हैं जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं सूचना मिलते ही डायल 108 मौके पर पहुंची और घायलों को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर रेफर किया इस हादसे में हीरा पिता तुलसीराम गौड़ उम्र 21 वर्ष गोलू पिता मुन्ना गौड़ उम्र 23 वर्ष भवानी पिता नारायण पाल उम्र 40 वर्ष हादसे में घायल तीनों बाइक सवार तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के धनगौर ग्राम के निवासी हैं जो हादसे में घायल हुए हैं जिसमें से भवानी पाल उम्र 40 के पैर सिर व गंभीर चोटे आई है हीरा गौड़ उम्र 21 के कान से तेजगति से रक्त संचार होने के चलते दोनों को जबलपुर रेफर किया गया है जबकि गोलू का स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी है हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली है हादसे के बाद दोनों बाइक सामने से छतिग्रस्त हो गई है साथ ही सूत्रों द्वारा यह खबर है कि एक बाइक बीमा फिटनेस सहित अन्य कमियां हैं पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें

# संवेदनशील प्रशासन ही जनता का विश्वास जीतता है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, जिम्मेदार और जनकेंद्रित बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की संवेदनशीलता और जनता का विश्वास ही उसकी वास्तविक विश्वसनीयता है। यदि लोगों को यह भरोसा नहीं होगा कि उन्हें यहाँ न्याय मिलेगा, तो वे अपनी समस्याएँ लेकर प्रशासन के पास क्यों आएँगे।छोटी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान आवश्य होना चाहिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कई छोटी-छोटी समस्याएँ, जो ग्राम पंचायत, तहसील या अनुभाग स्तर पर ही सुलझाई जा सकती हैं, वे अनावश्यक रूप से जिला स्तर तक पहुँच रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, तहसील, अनुभाग स्तर के मामलो का समाधान उसी स्तर पर होना चाहिए, इससे आमजन का समय और अनावश्यक खर्च दोनों बचेंगे। उन्होने सभी अधिकारियों को आवेदनों पर गंभीरता से विचार करने और समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल समस्याएँ सुनना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने राजस्व और नगरीय निकायों को कैंप लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा टी.एल. बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही राजस्व अधिकारियों और नगरीय निकायों को अपने-अपने स्तर पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि लोगों को जिला मुख्यालय तक भटकना न पड़े। उन्होने आमजन से आग्रह किया कि वे अपनी समस्या के अनुसार पहले संबंधित स्तर ग्राम पंचायत/तहसील/अनुभाग पर आवेदन दें। यदि वहाँ समाधान नहीं मिलता, तब ही जिला स्तर पर आएँ। इससे जिम्मेदारी तय करना आसान होगा और लापरवाही पर कार्रवाई भी संभव होगी।

उन्होने सभी एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ और शहरी विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पहले कैंप लगाएं। इन कैंपों में पटवारी, पंचायत अधिकारी और अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, ताकि अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। केवल वे मामले ही उच्च स्तर पर भेजे जाएंगे, जो स्थानीय स्तर पर निपटाए नहीं जा सकते है। इस व्यवस्था से कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

कलेक्टर श्री यादव ने उदाहरण देते हुए बताया कि कई शिकायतें जैसे- नालियों पर अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था में लापरवाही ऐसी समस्याएँ हैं, जिन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। इन मामलों में लोगों को जिला स्तर तक आने के लिए मजबूर करना उचित नहीं है।

उन्होने कहा उनका मुख्य उद्देश्य है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान हो, जिससे वे संतुष्ट रहें और प्रशासन के प्रति उनका विश्वास बना रहे। गर्मी के मौसम में गर्मी से बचाव के लिये कलेक्टर कार्यालय के बाहर शिकायतकर्त्ताओं के लिये पीने के लिये पानी की व्यवस्था के साथ मट्ठे की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

### भगवान परशुराम जी प्रकट उत्सव पर लोकार्पण

# परशुराम टेकरी पर टीन शेड निर्माण कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर परशुराम टेकरी जबलपुर नाका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दमोह विधायक श्री जयंत मलैया जी द्वारा विधायक निधि मद से 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड चबूतरा चेकर एवं कुर्सी निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज दमोह द्वारा विधायक श्री मलैया जी के समक्ष मंदिर के लिए भव्य गेट निर्माण की मांग रखी गई जिसे उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तत्काल स्वीकार कर 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। समाजजनों ने उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में श्री राहुल सिंह लोधी जी द्वारा गत वर्ष सामुदायिक भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 10 लाख रुपये की राशि के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित उनके निज सचिव श्री हुक्म सिंह ठाकुर का भी स्मृति चिन्ह शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा सर्व समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता है। हिन्दू समाज को एकजुट करने में विप्रजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी समाज के मार्गदर्शन में उनकी भूमिका अहम बनी रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में रंजीता गौरव पटैल प्रीति राजू ठाकुर एवं जनपद पंचायत के सीईओ पंडित हलधर मिश्रा, पं कृष्ण कुमार गर्ग पं विधा सागर पांडेय पं प्रमोद नायक पं मनु मिश्रा पं जीपी प्यासी पं अशोक स्वामी पं एसके मिश्रा पं अखलेश हजारी पं कमलेश भरतद्वाज पं आलोक गोस्वामी पं अनिल मिश्रा पं मनोज देवलिया पं अनिल बैरागी पं पवन तिवारी पं परशूर चौबे पं मोनू पाठक पं मनीष नगाइच पं मुकेश पांडेय पं पवन बिधोलिया पं संजय गौतम पं वैभव तिवारी पं जमना चौबे पं लवली दुबे पं शिवेंद्र तिवारी पं करन चौबे पं तरुण तिवारी पं छोटू दुबे पं बंटी दुबे पं अरुण दुबे कृष्णा तिवारी सोनू चौबे अखलेश गोस्वामी मयंक देवलिया सहित समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का दमोह आगमन आज

दमोह। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का 22 अप्रैल को दमोह आगमन हो रहा है। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खासा उत्साह है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर भव्य तैयारियां की गई हैं। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर उनका जोरदार स्वागत करेंगे। जिला कार्यालय में भव्य स्वागत कार्यक्रमों होगा। प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# प्रतिबंध के बावजूद बनवार क्षेत्र में जल रही नरवाई, धुएं के साथ उड़ रहा नियमों का मखौल

बनवार । रबी सीजन में गेहूं की कटाई पूरी होते ही खेतों में बची नरवाई (फसल अवशेष) जलाने का सिलसिला तेज हो गया है। बनवार उप तहसील क्षेत्र में किसान खुलेआम नरवाई जला रहे हैं, जबकि इस पर प्रशासन द्वारा स्पष्ट प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद खेतों से उठता धुआं न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि नियमों की खुलेआम अनदेखी भी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, हार्वेस्टिंग मशीनों से कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को नष्ट करने के लिए किसान आग का सहारा ले रहे हैं। यह प्रथा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन इसके दुष्परिणामों के बावजूद इस पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार नरवाई जलाने से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। साथ ही, भूमि को उपजाऊ बनाने वाले लाभकारी कीट भी आग की भेंट चढ़ जाते हैं। इससे जमीन की उर्वरता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसके अलावा, खेतों में रहने वाले पशुओं के लिए चारे का संकट भी गहराता जा रहा है। प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध तो लगाया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं हो रहा। जबेरा तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यह प्रतिबंध केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि किसान दिन के बजाय रात के समय अधिक नरवाई जला रहे हैं, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। गर्मी और तेज हवाओं के बीच खेतों में लगाई गई आग कभी भी उग्र रूप ले सकती है। गांवों से सटे खेतों में आग लगाकर छोड़ देने की घटनाएं बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं, जिससे आग गांव की ओर बढ़ने का खतरा बना रहता है। एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी ने बताया कि नरवाई जलाने के मामले में एक किसान पर कार्रवाई की गई है। साथ ही पटवारियों और ग्राम कोटवारों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे स्थानों को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए संबंधित अमले को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और पशुधन तीनों पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित कर इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करे।

# जनगणना हेतु प्रगणक द्वारा पूछे जाएंगे 33 प्रश्न

### परिवार की सेवा करने वाला नौकर यदि उसी घर का भोजन करता है तो परिवार का सदस्य होगा: मास्टर ट्रेनर



**जबेरा।** आगामी 1 मई से होने वाली जनगणना के द्वतीय बैच का प्रशिक्षण जबेरा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा है यह प्रशिक्षण सुबह 9 बजे प्रारम्भ होकर शाम 6 बजे तक तीन कक्षो में चल रहा है जिसमे मास्टर ट्रेनर अजय सिंघई, अनिल तिवारी , जगदेव सिंह ठाकुर , भगवत तिवारी , राजेश उपाध्याय इत्यादि मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है इस प्रशिक्षण के दौरान विगत दिवस जिला सांख्यिकी अधिकारी दास मेडम एवम राज्य मास्टर ट्रेनर मोना चौहान प्रशिक्षण केंद्र पहुँची वहा उन्होंने वहां प्रशिक्षु प्रगणकों एवम सुपरवाइजर के प्रश्नों एवम डाउट को स्पष्ठ करते हुए बताया कि जनगणना 2026 के तहत परिवार की परिभाषा के अंतर्गत एक मकान में साथ मे रहने वाले वे सभी सदस्य सम्मिलित किये जायेंगे जिनका प्रवेश द्वार एक हो और एक ही चूल्हे में बना भोजन ग्रहण करते है। भले वह घर के कार्य करने वाला नॉकर क्यो न हो। इसी प्रकार एक छात्रवास या किसी संस्था में साथ रहने वाले सभी सदस्य यदि वह सामूहिक रूप से एक ही परिसर में बनी मेस का भोजन ग्रहण करते है तो वह संस्थागत परिवार कहलायेंगे। एक भवन में कई मकान हो सकते है और मकान के कई प्रकार हो सकते है जैसे आवासीय , कार्यालय, व्यावसायिक इत्यादि । प्रशिक्षण में तहसीलदार सोनम पांडे भी पहुँची। बड़ी संख्या में प्रगणक एवम सुपरवाइजर उपज़थित थे। मौके पर उपस्थित प्रगणक राजेश जैन द्वारा इस प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

# समाधान रात्रिकालीन कैंप का निरीक्षण

### उपभोक्ताओं को दी गई बिजली बिल छूट की जानकारी



**जबेरा।** विद्युत वितरण केंद्र जबेरा के नेतृत्व में जबेरा के नजदीकी ग्राम के वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम भाटखमरिया में मंगलवार की रात्रि समाधान रात्रिकालीन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच महोदय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कैंप के दौरान उपस्थित सम्माननीय उपभोक्ताओं को समाधान योजना के अंतर्गत बिजली बिल में मिलने वाली छूट की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को यह भी परामर्श दिया गया कि वे वैध बिजली कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या कानूनी समस्या से बचा जा सके। कैंप के दौरान उपभोक्ताओं की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है।कैम्प में कनिष्ठ अभियंता एम के महतो,गोविंद पटेल,टीकाराम पटेल ,आसिफ खान,अच्छेलाल अहिरवाल मौजूद रहे।

## 30 अप्रैल तक तेन्दूपत्ता तोडने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित

**दमोह।** भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2005 के नियम 4 के प्रावधानो के अंतर्गत दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोडने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया जाता है। उक्त जानकारी वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे द्वारा दी गई है।

# दलित दिव्यांग दूल्हे की बारात के साथ दबंगों ने कर दी लाठी डंडों से पिटाई

### मची अफरा तफरी, हटा थाना पहुंची दूल्हे की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सरकार भले ही तमाम दावे और वादे करती है कि दलितों पर अत्याचार नही हो रहा है। लेकिन ताजा मामला हटा थाना क्षेत्र के बिजोरी पाठक गांव से सामने आया है। जहां मंगलवार शाम दलित समाज के दूल्हे की रछवाई जब घोड़े पर निकाली जा रही थी। तब गांव के लोधी समाज के दबंगो ने दूल्हे को घोड़े से उतारकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस घटना का वीडियो भी दूल्हे पक्ष के लोगों ने बनाया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद दलित समाज के लोग दूल्हे को लेकर बारात के साथ हटा थाने पहुंचे। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर हटा पुलिस ने आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। साथ ही गांव में पुलिस भेजी गई है। दूल्हे की



एमएलसी कराने के बाद सभी लोग बरात लेकर बक्सवाहा के बूढ़ी सेमरा गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

दरअसल दूल्हा गोलू पिता भागीरथ अहिरवार उम्र 23 की बारात बमोरी बकस्वाहा बूढ़ी सेमरा जिला छतरपुर के लिए जानी थी। इसके पहले मंगलवार शाम पांच बजे घोड़े पर दूल्हे की रछवाई निकाली जा रही थी। तभी यह विवाद हो गया। दूल्हा गोलू ने बताया कि उसकी रछवाई जब दिवाले के सामने से गुजर रही थी। तब गुड्डू सिंह, कृष्णा, हाकम, पलटू के द्वारा उसे घोड़े से उतारकर मारपीट कर दी। उसकी बहन मनीषा के साथ भी मारपीट की गई। दूल्हे की मां विद्या अहिरवार ने बताया कि उनके बेटे की रछवाई घोड़े पर निकल रही थी। तभी गांव के लोधी समाज के लोगों द्वारा उनके बेटे को रछवाई निकालने से मना किया। जब परिवार के लोगों ने कहा कि आज उसकी बरात जानी है। तब आरोपियों ने लड़के को घोड़े से नीचे उतारा और उसके साथ मारपीट की। उनका बेटा दिव्यांग है इसके बावजूद भी आरोपियों ने बेटे को बेरहमी से मारा। उनकी बेटी मनीषा ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई और उसके सोने के कुछ जेवर भी मारपीट के दौरान गायब हो गए। हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने बताया कि बिजोरी पाठक गांव में गोलू अहिरवार की बारात जाने के पहले रछवाई निकाली जा रही थी।

इस मामले में फरियादी गरीबा अहिरवार ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है की भतीजे गोलू की बारात जाने के पहले गांव में रछवाई निकल रही थी। उनका भतीजा घोड़े पर बैठा था जैसे ही वह लोग दिवाले के पास पहुंचे। तभी वहां विश्वनाथ लोधी, बिच्छू लोधी, पलटू और अन्य लोग पहुंच गए। उन्होंने लड़के को घोड़े से नीचे उतरने के लिए कहा। जब दूल्हे के परिजनों ने ऐसा करने से मना किया तो दूल्हे के साथ मारपीट कर दी और नीचे पटक दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और गांव में पुलिस भेज दी गई है। ताकि विवाह की रस्म शांति से संपन्न हो सके। बताया गया है कि इसके पहले भी गांव में इसी प्रकार का कुछ विवाद पहले भी हो चुका है। जब दबंग के द्वारा दलित समाज के युवक की रछवाई निकालने के दौरान विवाद किया था तब भीम आर्मी ने पहुंचकर गांव में रछवाई निकाली थी।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म.प्र.)

क्र/न.पा./2026/424

**निविदा सूचना**

दमोह, दिनांक 18/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _501772_1 | मागंज वार्ड 06 मे आरसीसी नाली एवं स्वागत द्वार निर्माण कार्य। | Rs. 15.56 लाख | 2000/- 15000/- रू. | 23/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD _501774_1 | सिविल वार्ड 06 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs. 17.07 लाख | 2000/- 13000/- रू. | 23/05/2026 |
| 3. | 2026_UAD _501775_1 | सिविल वार्ड 10 मे विभिन्न स्थानों पर आरसीसी नाली निर्माण कार्य । | Rs. 9.23 लाख | 2000/- 9500/- रू. | 23/05/2026 |
| 4. | 2026_UAD _501776_1 | सिविल वार्ड 09 मे मदन यादव से खेरमाता तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य । | Rs. 26.85 लाख | 5000/- 20200/- रू. | 23/05/2026 |
| 5. | 2026_UAD _501777_1 | सिविल वार्ड 09 मे आलोक पांडे से खेरमाता तक बी टी रोड निर्माण कार्य । | Rs. 33.41 लाख | 5000/- 25100/- रू. | 23/05/2026 |
| 6. | 2026_UAD _501781_1 | बजरिया वार्ड 07 मे आरसीसी नाली, सीसी रोड एवं कुए पर लोहे की जाली लगाने का कार्य। | Rs. 37.27 लाख | 5000/- 28000/- रू. | 23/05/2026 |
| 7. | 2026_UAD _501782_1 | बजरिया वार्ड 07 मे संकट मोचन मंदिर के पास पार्क निर्माण कार्य। | Rs. 4.23 लाख | 2000/- 5000/- रू. | 09/05/2026 |
| 8. | 2026_UAD _501814_1 | पुराना बाजार 02 मे फुटेरा स्कूल से रोहित सोनी तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य । | Rs. 33.87 लाख | 5000/- 25500/- रू. | 23/05/2026 |
| 9. | 2026_UAD _501815_1 | पुराना बाजार 02 मे इजराइल से कसतूरे मासाब तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य । | Rs. 24.45 लाख | 5000/- 18400/- रू. | 23/05/2026 |
| 10. | 2026_UAD _501824_1 | पुराना बाजार 02 मे विजय सिंह से संतोष कोरी तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य । | Rs. 23.05 लाख | 5000/- 17300/- रू. | 23/05/2026 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दमोह